# कार्यालय – सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर, नैनीताल

पत्रांक – उ0वि0शि0प0/सन्निरीक्षा/20-36 /2024–25 दिनांक : 30 अप्रैल 2024

## संशोधित विज्ञप्ति/सूचना

### 1.सन्निरीक्षा हेतु

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर, नैनीताल की हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2024 में सम्मिलित परीक्षार्थियों को अवगत कराया जाता है कि परीक्षाफल घोषणा के उपरान्त यदि कोई परीक्षार्थी अपने किसी विषय/प्रश्न–पत्र की उत्तरपुस्तिका की सन्निरीक्षा कराना चाहते हैं तो वे सन्निरीक्षा शुल्क रुपया 100=00 प्रति प्रश्नपत्र की दर से कोष–पत्र (ई–चालान) के माध्यम से उत्तराखण्ड के किसी भी राजकोष/भारतीय स्टेट बैंक में सुसंगत लेखाशीर्षक (0202 –शिक्षा ,खेल, कला और संस्कृति, 01 –सामान्य शिक्षा ,102 –माध्यमिक शिक्षा ,02 –बोर्ड परीक्षाओं का शुल्क) के खाते में जमा कर, कोष –पत्र (चालान) की मूल प्रति एवं अंक पत्र की छाया प्रति **(इण्टरनेट प्रति भी मान्य)** सहित अपना सन्निरीक्षा आवेदन पत्र परिषद् कार्यालय में ऑनलाइन या आफलाइन प्रेषित करें। सन्निरीक्षा आवेदन –पत्र समस्त संलग्नकों सहित परीक्षाफल परिणाम घोषित होने की तिथि से 30 दिन के अन्दर अर्थात 29 मई 2024 तक परिषद् कार्यालय में प्राप्त होना अनिवार्य हैं। निर्धारित अन्तिम तिथि के उपरान्त प्राप्त सन्निरीक्षा आवेदन पत्रों पर किसी भी दशा में विचार नहीं किया जायेगा। परीक्षार्थी सन्निरीक्षा आवेदन पत्र अपने विद्यालय से प्राप्त कर सकते है। आफलाइन सन्निरीक्षा आवेदन पत्र एवं निर्देश परिषद् कार्यालय की वेवसाइट **www. ubse.uk.gov.in** से भी डाउनलोड कर सकते हैं। सन्निरीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट **www.ubse.co.in** पर उपलब्ध लिंक "Apply for Scrutiny and Photocopy of Answer Books" के द्वारा किए जा सकते हैं।

### 2.मूल्यांकित उत्तरपुस्तिका की छाया प्रति हेतु

जिन परीक्षार्थियों को अपनी वर्ष 2024 की परीक्षा की मूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाओं की छाया प्रति प्राप्त करनी हो वे निर्धारित शुल्क रूपया 400=00 (रूपया चार सौ) प्रति प्रश्नपत्र की दर से उपरोक्तानुसार सुसंगत लेखाशीर्षक (0202 –शिक्षा ,खेल, कला और संस्कृति, 01 –सामान्य शिक्षा ,102 –माध्यमिक शिक्षा ,02 –बोर्ड परीक्षाओं का शुल्क) के खाते में जमा कर कोष –पत्र (ई–चालान) की मूल प्रति, अंक पत्र की छाया प्रति **(इण्टरनेट प्रति भी मान्य)** एवं आधार कार्ड की छायाप्रति (स्वप्रमाणित) सहित अपना आवेदन पत्र परिषद् कार्यालय में ऑनलाइन या आफलाइन प्रेषित कर मूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाओं की छाया प्रति प्राप्त कर सकते हैं। इससे सम्बन्धित आवेदन पत्र एवं निर्देश परिषद् की वेबसाइट **www.ubse.uk.gov.in** पर उपलब्ध है। ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट **www.ubse.co.in** पर उपलब्ध "Apply for Scrutiny and Photocopy of Answer Books" लिंक के द्वारा किए जा सकते हैं।

**शुल्क की धनराशि सही लेखा शीर्षक में जमा न होने पर आवेदन पत्र बिना सूचना के निरस्त कर दिया जायेगा।**

30/4/2024

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)

**पृ0सं0 :–** उ0वि0शि0प0/सन्निरीक्षा/20-36 /2024–25 दिनांक : उक्तवत्।

**प्रतिलिपि** –1. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, उत्तराखण्ड /सभापति,, उ0 वि0 शि0 प0, रामनगर को सूचनार्थ।

2. समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारी उत्तराखण्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी उत्तराखण्ड को उक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. समस्त संस्थाध्यक्ष द्वारा मुख्य शिक्षा अधिकारी उत्तराखण्ड।
5. प्रभारी सूचना सम्प्रेषण अनुभाग उ0वि0शि0प0 रामनगर (नैनीताल) को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6. सम्पादक, अमर उजाला, दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान, उत्तर उजाला, उत्तराखण्ड को इस आशय से प्रेषित कि वे अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र (कुमाऊँ/गढ़वाल संस्करण) में 10X12 से0मी0 आकार में निर्धारित शासकीय दरों पर प्रकाशित कर बिल दो प्रतियों में तथा समाचार पत्र की एक प्रति इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

30/4/2024

**(विनोद प्रसाद सिमल्टी)**
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)

# कार्यालय – सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर, नैनीताल

पत्रांक – उ0वि0शि0प0/सन्निरीक्षा/ 10-27 /2024–25 दिनांक : 30.04.2024

## प्रेस नोट

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर, नैनीताल की हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2024 में सम्मिलित परीक्षार्थियों को अवगत कराया जाता है कि परीक्षाफल घोषणा के उपरान्त यदि कोई परीक्षार्थी अपने किसी भी बिषय/प्रश्न–पत्र की उत्तरपुस्तिका की सन्निरीक्षा कराना चाहते हैं तो वे सन्निरीक्षा शुल्क रुपया 100=00 प्रति प्रश्नपत्र की दर से कोष–पत्र (ई चालान) के माध्यम से उत्तराखण्ड के किसी भी राजकोष/भारतीय स्टेट बैंक में सुसंगत लेखाशीर्षक (0202–शिक्षा,खेल,कला और संस्कृति,, 01–सामान्य शिक्षा, 102–माध्यमिक शिक्षा, 02–बोर्ड परीक्षाओं का शुल्क) के खाते में जमा कर कोष–पत्र (ई चालान) की मूल प्रति एवं अंक–पत्र की छाया प्रति **(इण्टरनेट प्रति भी मान्य)** सहित अपना सन्निरीक्षा आवेदन पत्र आफलाइन या ऑनलाइन परिषद् कार्यालय में प्रेषित कर सकते हैं। सन्निरीक्षा आवेदन–पत्र समस्त संलग्नकों सहित परीक्षाफल घोषणा की तिथि से 30 दिन के अन्दर परिषद् कार्यालय में प्राप्त होने अनिवार्य है। निर्धारित अन्तिम तिथि के उपरान्त प्राप्त सन्निरीक्षा आवेदन पत्रों पर किसी भी दशा में विचार नहीं किया जायेगा। परीक्षार्थी सन्निरीक्षा आवेदन पत्र अपने विद्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। सन्निरीक्षा आफलाइन आवेदन पत्र एवं निर्देश परिषद् कार्यालय की वेबसाइट **www.ubse.uk.gov.in** से भी डाउनलोड कर सकते हैं। सन्निरीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट **www.ubse.co.in** पर उपलब्ध "Apply for Scrutiny and Photocopy of Answer Books" लिंक के द्वारा किए जा सकते हैं।

जिन परीक्षार्थियों को अपनी वर्ष 2024 की परीक्षा की मूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाओं की छाया प्रति प्राप्त करनी हो वे निर्धारित शुल्क रूपया 400=00 (रूपया चार सौ) प्रति प्रश्नपत्र की दर से उपरोक्तानुसार सुसंगत लेखाशीर्षक में जमा कर कोष–पत्र (ई–चालान) की मूल प्रति, अंक पत्र की छाया प्रति (इण्टरनेट प्रति भी मान्य) एवं आधार कार्ड की छाया प्रति (स्वप्रमाणित) सहित अपना आवेदन पत्र आफलाइन या ऑनलाइन परिषद् कार्यालय में प्रेषित कर मूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाओं की छाया प्रति प्राप्त कर सकते हैं। इससे सम्बन्धित आफलाइन आवेदन पत्र एवं निर्देश परिषद् की वेबसाइट **www.ubse.uk.gov.in** पर उपलब्ध है। ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट **www.ubse.co.in** पर उपलब्ध "Apply for Scrutiny and Photocopy of Answer Books" लिंक के द्वारा किए जा सकते हैं।

भवदीय

30/4/2024

**(विनोद प्रसाद सिमल्टी)**
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)

**पृ0सं0 :–** उ0वि0शि0प0/सन्निरीक्षा/ 10-27 /2024–25 दिनांक : उक्तवत्।

**प्रतिलिपि** – सम्पादक, अमर उजाला, दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान, उत्तर उजाला, उत्तरांचल दीप, राष्ट्रीय सहारा, दैनिक हॉक, उत्तराखण्ड खबरनामा, वीरभारत न्यूज टाइम्स, देवभूमि समय, गैरसैंण समाचार, सहारा समय, द टाइम्स ऑफ इण्डिया, हिन्दुस्तान टाइम्स, नव भारत टाइम्स, न्यूज प्रिंट दैनिक सन्ध्या, जैन टीवी, न्यूजप्रिंट, समाचार प्लस, ई. टीवी को इस आशय से प्रेषित कि वे अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र (कुमाऊँ/गढ़वाल संस्करण) पर जनहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

30/4/2024

**(विनोद प्रसाद सिमल्टी)**
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)